दुर्ग शहर

स्पर्धाओं में दिखाए जौहर

सुराना कॉलेज में व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेलों का आयोजन

दुर्ग। सेठ रतनचंद सुरना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 1 फरवरी को वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बी.ए, बी.कॉम, बी.पी.एड, बी.लिब, एम.ए एवं पीजीडीसीए संकाय के बहुत से छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वार्षिक खेल उत्सव के उद्‌घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भूपेंद्र कुलदीप (कुलसचिव हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय), डॉ. प्रमोद तिवारी (प्राचार्य सेठ रतनचंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय) उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। श्री कुलदीप ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को खेल के साथ साथ जीवन मे अनुशासन में रहने की बात कही। डॉ. प्रमोद तिवारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेल को भी जीवन मे अपनाने के लिए कहा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा भूपेंद्र कुलदीप को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पहली प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ हुई, जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम दीपेश (बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय धनराज (बी.कॉम तृतीय वर्ष), तृतीय पूनम (बी कॉम प्रथम वर्ष), महिला वर्ग में प्रथम राजेश्वरी सिंह व द्वितीय पुष्पांजली साहू (बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर) तथा तृतीय शबनम शेख (एम कॉम) रहे। गोला फेंक प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर दुष्यंत (बी.कॉम प्रथम वर्ष), द्वितीय भूपेश कुमार तथा तृतीय सन्नी बंसोड़ (बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर) रहे। महिला वर्ग में महिला वर्ग में प्रथम खिलेश्वरी, द्वितीय रुपाली एवं तृतीय रूपा (बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर) रहे। इसी प्रकार सामूहिक खेलों में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बी.पी.एड ग्रुप विजेता एवं बी.ए ग्रुप उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में एनसीसी ग्रुप विजेता एवं बीपीएड ग्रुप उपविजेता रही। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं महाविद्यालय छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ. दुर्गा शुक्ला (विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग) एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अजय लांजेवार (विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग) द्वारा किया गया।

सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)
वार्षिक खेल दिवस
दिनांक 1 फरवरी 2023
57MP+CMF, Civil Lines, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Durg
Chhattisgarh
India
22°C
72°F
2023-02-01(Wed) 10:00(AM)
Motipura
मोतीपुरा
DURG PARIVAHAN SUVIDHA KENDRA
Sheetala Talab
शीतला तालाब
Kelubar
केलुबर
Kelabedi
केलाबेदी
Murshid Nagar
मुर्शिद नगर
Google

सेठ आर.सी.एस.कला एवं वाणिज्य
दुर्ग (छ.ग.)
वार्षिक खेल